भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 396

(जिसका उत्तर मंगलवार 6 फरवरी, 2024/17 माघ, 1945 (शक) को दिया जाना है)

देश के आंतरिक और बाह्य ऋण में वृद्धि

396. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि आंतरिक और बाह्य ऋण तेजी से बढ़ रहा है?

(ख) मार्च 2020 से जनवरी 2024 तक बढ़े आंतरिक एवं बाह्य कर्ज का क्रमशः वर्षवार ब्यौरा क्या है; और

(ग) आंतरिक एवं बाह्य कर्ज सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का कितना प्रतिशत है और मार्च 2020 से जनवरी 2024 तक इसमें वर्षवार कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) से (ग): केन्द्र सरकार के आंतरिक और बाह्य ऋण के आकड़े निम्नलिखित हैः

वित्त वर्ष	आंतरिक ऋण			बाह्य ऋण		
	(रुपये लाख, करोड़)	पूर्ववर्ती वर्ष के मुकाबले % वृद्धि	जीडीपी का %	(₹ लाख करोड़)	पूर्ववर्ती वर्ष के मुकाबले % वृद्धि	जीडीपी का %
2019-20	99.78	13.7	49.6	5.44	14.8	2.7
2020-21	115.70	16.0	58.3	6.15	13.1	3.1
2021-22	132.08	14.2	56.3	6.58	7.0	2.8
2022-23	148.65	12.5	54.6	7.48	13.7	2.7
2023-24 आरई	164.44	10.6	55.4	7.93	6.0	2.7

नोटः- बाह्य ऋण चालू विनिमय दर पर है, आरई; संशोधित अनुमान

वित्त वर्ष 2020-21 में जीडीपी की प्रतिशतता के रूप में केन्द्र सरकार के ऋण में बढ़ोतरी मुख्य रूप से कोविड-19 वैश्विक महामारी की वजह से हुई थी। तथापि, राजकोषीय समेकन की नीति के प्रति सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता से केन्द्र सरकार के ऋण में कोविड-19 की अवधि के बाद काफी कमी आयी है।

*****